समाचार विज्ञपति

अपनी बात कहें: आधुनिक, डिजिटल सेवाएं

03 जनवरी, 2023 मीडिया पूछताछ

एक ऑनलाइन सर्वेक्षण में अलबर्टा वासियों को ऑनलाइन सरकारी सेवाओं तक पहुँचने के लिए उनकी आवश्यकताओं, अपेक्षाओं और प्राथमिकताओं पर अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

चाहे लाभों का प्रबंधन करना हो, किफायती आवास और चाइल्डकेअर ढूंढना हो या अपने ड्राइवर लाइसेंस का नवीनीकरण करना हो, अल्बर्टा वासी पहले से कहीं अधिक डिजिटल समाधानों का उपयोग कर रहे हैं।

अल्बर्टा का टेक्नोलोजी और नवाचार क्षेत्र प्रांत के आर्थिक विविधीकरण में एक प्रेरक शक्ति है। यह महत्वपूर्ण है कि सरकार टेक्नोलोजी के साथ रफ्तार बनाए रखे, इसलिए अलबर्टा सरकार अपनी सेवाओं को आधुनिक बनाने के लिए एक डिजिटल रणनीति विकसित कर रही है। यह रणनीति बेहतर, तेज और स्मार्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए सरकार भर में नवाचार और डिजिटल तकनीकों का उपयोग करेगी।

सार्वजनिक ऑनलाइन सर्वेक्षण के अलावा, अलबर्टा सरकार टेक्नोलोजी उद्योग के लीडरों, पोस्ट-सेकन्डरी संस्थानों, स्वास्थ्य संगठनों और इन्डिजनस समुदायों तक इस बारे में उनके विचार जानने के लिए पहुंचेगी कि वे अलबर्टा सरकार के विभागों के साथ बेहतर तरीके से कैसे बातचीत कर सकते हैं। एकत्र की गई जानकारी अलबर्टा की डिजिटल स्ट्रैटेजी को आकार देने में मदद करेगी।

अल्बर्टा वासियों के लिए सर्वेक्षण 24 जनवरी तक पूरा करने के लिए उपलब्ध रहेगा।

महत्वपूर्ण तथ्य

- अल्बर्टा की डिजिटल स्ट्रैटेजी तकनीकी टीमों, प्रक्रियाओं और टेक्नोलोजी और नवाचार के लिए सरकार के समग्र दृष्टिकोण को आधुनिक बनाने में प्रांत का मार्गदर्शन करेगी।

- ऑनलाइन सेवाएं काम से छुट्टी बुक करने और यात्रा और चाइल्डकेअर की व्यवस्था करने की आवश्यकता को समाप्त करके अल्बर्टा वासियों के समय और धन की बचत करती हैं।
- वर्तमान में, अल्बर्टा वासियों के लिए कभी भी, कहीं भी, किसी भी उपकरण का उपयोग करते हुए 70 से अधिक ऑनलाइन सरकारी सेवाएं उपलब्ध हैं।
    - वसंत 2019 के बाद से, 30 सरकारी सेवाएं ऑनलाइन हो गई हैं।
    - वर्तमान में, आने वाले वर्ष में 20 से अधिक अतिरिक्त सेवाओं को ऑनलाइन लाने के लिए टेक्नोलोजी और नवाचार अन्य विभागों के साथ काम कर रही है।
    - जनवरी से दिसंबर 2021 तक, alberta.ca के माध्यम से सरकारी सेवाओं के उपयोग में 300 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई, एक मोबाइल डिवाइस से पहुंच में 500 प्रतिशत तक की वृद्धि के साथ।
    - हाल के शोध से पता चलता है कि 75 प्रतिशत कनेडियन कहते हैं कि सरकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध होनी चाहिए।

संबंधित जानकारी

- डिजिटल स्ट्रैटेजी एन्गेज्मेंट

इस घोषणा को ऑनलाइन देखें
अलबर्टा सरकार का न्यूज़रूम
सरकार से संपर्क करें
अनसब्स्क्राइब करें